# केंद्र का गुणगान करने वाला था राष्ट्रपति का अभिभाषण : कांग्रेस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जनवरी।

कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण सिर्फ केंद्र सरकार का गुणगान करने वाला था और इसमें महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ती असमानता जैसे असल मुद्दों का कोई उल्लेख नहीं था।

पार्टी ने यह दावा भी किया कि इस अभिभाषण में आंकड़ों के जरिए गुमराह करने का प्रयास किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक वीडियो संदेश में कहा, 'हमें खुशी है कि आज महामहिम राष्ट्रपति जी ने पहली बार नए संसद भवन में दोनों सदनों को संबोधित किया। देर से ही सही,



**कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, बेरोजगारी, महंगाई और बढ़ती असमानता की गहरी खाई पर महामहिम जी ने केंद्र सरकार की ओर से कुछ नहीं बोला।**

उन्हें यह सम्मान प्राप्त हुआ। सबने देखा कि सरकार ने उन्हें नए संसद के उद्घाटन पर बुलाना उचित नहीं समझा था, हालांकि राष्ट्रपति, संसद का अभिन्न हिस्सा होते हैं।' उनका कहना था, 'मोदी कैबिनेट द्वारा पारित महामहिम राष्ट्रपति जी का अभिभाषण केवल मोदी सरकार का गुणगान जैसा था, क्योंकि ये सरकार द्वारा बनाया गया दस्तावेज होता है, तो इसके माध्यम से भी मोदी जी अपना प्रचार और विज्ञापन कैसे छोड़ सकते हैं! हमें उनसे यह उम्मीद भी नहीं थी।'

खरगे ने कहा, 'बेतहाशा बेरोजगारी, बेलगाम महंगाई और बढ़ती असमानता की गहरी खाई पर महामहिम जी ने केंद्र सरकार की ओर से कुछ नहीं बोला, क्योंकि 10 सालों से केंद्र सरकार ने इन मसलों को हल करने की दिशा में कुछ भी नहीं किया है।'

कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि नौ महीने से मणिपुर में हिंसा जारी है। आज भी मणिपुर में दो लोगों की मौत हुई है और तीन लोग घायल हुए है। राष्ट्रपति जी कम से कम मणिपुर में शांति बहाली की अपील कर सकती थीं। मणिपुर की हिंसा का अभिभाषण में कोई उल्लेख नहीं था।' पार्टी नेता गौरव गोगोई ने कहा कि राष्ट्रपति को संसद पर भाजपा द्वारा किए जा रहे हमले को लेकर चिंता व्यक्त करनी चाहिए थी। अभिभाषण में इसका विवरण होना चाहिए था कि इस नए सदन में लोकतंत्र को कैसे रौंदा जा रहा है। पिछले ही सत्र में 146 सांसदों को हक की आवाज उठाने के लिए निलंबित कर दिया गया। इसी सदन से एक महिला सांसद के मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़कर उन्हें बाहर निकाल दिया गया, लेकिन जिस भाजपा सांसद की अनुशंसा पर पास लेकर कुछ लोगों ने सदन में कूदकर हंगामा किया, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं गई।

# भाजपा ने संसद का अपमान किया, लोकतंत्र को खतरे में डाला : खरगे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 31 जनवरी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विपक्ष पर किए गए हमले को लेकर पलटवार करते हुए बुधवार को दावा किया कि केंद्र सरकार संसदीय लोकतंत्र को नष्ट कर रही है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संसद का अपमान किया है और लोकतंत्र को खतरे में डाल दिया है।

प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर हमला करते हुए कहा कि आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है और जो लोकतांत्रिक मूल्यों का आदतन चीरहरण करते हैं, ऐसे सभी सांसदों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, 'प्रधानमंत्री जी ने संसद के बाहर बयान दिया।

हम उन्हें याद दिलाना चाहते हैं कि कैसे उनकी सरकार संसदीय लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए जिम्मेदार है।' उन्होंने दावा किया, 'संसद के पिछले सत्र में दोनों सदनों से 146 सांसदों को निलंबित करके केवल तीन दिनों में 14 विधेयक पारित किए गए। मौजूदा लोकसभा में एक घंटे से भी कम चर्चा में 172 में से 64 विधेयक पारित हो चुके हैं।

# पहाड़ों पर बर्फबारी व मैदान में बारिश से सर्दी ने दिखाए तेवर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 31 जनवरी।

दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में बुधवार को इस मौसम की पहली बारिश हुई। वहीं जम्मू कश्मीर, लद्दाख व हिमाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हुई। सिक्किम में एक-दो स्थानों पर ओले पड़े।

उत्तराखंड ,जम्मू कश्मीर, लद्दाख व हिमाचल प्रदेश में बारिश व बर्फबारी का यह दौर गुरुवार से लेकर चार फरवरी तक जारी रहेगा। दिल्ली में अधिकतम तापमान औसत से चार डिग्री नीचे लुढ़क कर 18.6 डिग्री पहुंच गया। वहीं न्यूनतम तापमान औसत से एक डिग्री नीचे 7.3 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 13.9 के साथ जाफरपुर सबसे ठंडा स्थान दर्ज किया गया।

वहीं भारतीय मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि दिल्ली एनसीआर में दूसरा सबसे सूखा दिसंबर व जनवरी होने के बाद फरवरी में उत्तर पश्चिम भारत में औसत से अधिक बारिश होने की संभावना है। दिल्ली में बारिश के साथ मौसम ने करवट बदल लिया है इसके साथ ही ठंड बढ़ गई है। कोहरा इतना



गुरुग्राम के बाहरी इलाके में बुधवार को घने कोहरे के बीच उड़ान भरते पक्षी।

घना कि दिल्ली किसी हिल स्टेशन जैसी नजर आ रही थी। भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली एनसीआर में बुधवार को गंभीर शीतलहर रही। कोहरा इतना घना था कि दृश्यता गिरकर शून्य तक पहुंच गई। इसके कारण कई हवाई उड़ानों के रास्ते बदले तो काफी ट्रेनों के परिचालन पर भी असर पड़ा है। मौसम विभाग ने दिल्ली में बारिश व ठंड को लेकर बुधवार के लिए नारंगी चेतावनी जारी की थी। वहीं अगले दो दिन के लिए पीली चेतावनी जारी की गई है। दिल्ली में बुधवार सुबह घना कोहरा रहा जिससे हवाई पट्टी पर दृश्यता गिरकर 50 मीटर व कई इलाकों में शून्य तक पहुंच गई । वहीं शाम साढ़े पांच बजे तक दिल्ली में 8.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। भारतीय मौसम विभाग के अधिकारी आर के जेनामणि ने कहा कि एक के बाद एक दो पश्चिमी विक्षोभ के कारण जम्मू कश्मीर, लद्दाख व हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड में बारिश व बर्फबारी का यह दौर गुरुवार से लेकर चार फरवरी तक जारी रहेगा। इन इलाकों में बारिश और बर्फबारी के साथ एक या दो स्थानों पर भारी बर्फबारी हो सकती है। अगले 24 घंटों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश, राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश और गरज के साथ बारिश हो सकती है।

**New Delhi Television Limited**
CIN: L92111DL1988PLC033099
Regd. Off.: B 50-A, 2nd Floor, Archana Complex, Greater Kailash – I, New Delhi-110048
Phone: (91-11) 4157 7777, 2644 6666 Fax: 2923 1740
E-mail:corporate@ndtv.com; Website:www.ndtv.com

NDTV

**Statement of Standalone and Consolidated unaudited financial results for the Quarter and Nine Months Ended 31 December 2023**

(Rs. in Lakhs except per share data )

| Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 months ended (31/12/2023) | Year to date figures for current period ended (31/12/2023) | Corresponding 3 months ended (31/12/2022) in the previous year | 3 months ended (31/12/2023) | Year to date figures for current period ended (31/12/2023) | Corresponding 3 months ended (31/12/2022) in the previous year |
| | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) |
| Total income from operations (net) | 6,297 | 16,384 | 5,694 | 9,795 | 26,349 | 10,537 |
| Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and Extraordinary items) | (618) | (551) | 483 | (937) | (1,050) | 1,792 |
| Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and extraordinary items) | (618) | (551) | 483 | (937) | (1,050) | 1,792 |
| Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and extraordinary items) | (618) | (551) | 461 | (955) | (1,175) | 1,291 |
| Total Comprehensive Income for the period | (619) | (644) | 448 | (953) | (1,283) | 1,278 |
| Equity share capital | 2,579 | 2,579 | 2,579 | 2,579 | 2,579 | 2,579 |
| Other equity | - | - | - | - | - | - |
| Earning Per Share ( of Rs. 4/- each) (for continuing and discontinuing operations) | | | | | | |
| Basic: | (0.96) | (0.86) | 0.71 | (1.48) | (1.82) | 2.00 |
| Diluted: | (0.96) | (0.86) | 0.71 | (1.48) | (1.82) | 2.00 |

Note: The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly / Annual Financial Results are available on the Stock Exchange website (**www.nseindia.com** and **www.bseindia.com**), and on the Company's website, **www.ndtv.com**.

Place: New Delhi
Date: 30 January 2024

For New Delhi Television Limited
Senthil Sinniah Chengalvarayan
Whole-time Director

ACE
सिद्धि • सहयोग • समृद्धि

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
Hamesha Aapke Liye

(₹ लाख में)

**31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही / नौ माह के लिए गैर-लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन/समेकित वित्तीय परिणाम**

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | समेकित | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | समाप्त नौ माह | | समाप्त वर्ष |
| | | 31.12.2023 | 31.12.2022 | 31.12.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2023 | 31.12.2023 | 31.12.2022 | 31.12.2023 | 31.12.2022 | 31.03.2023 |
| | | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | गैर-लेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | परिचालन से कुल आय | 3141562 | 2709209 | 9332644 | 7029164 | 9961438 | 3508398 | 3035267 | 10416811 | 7824992 | 11077798 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/ (हानि) (कर पूर्व, अपवादात्मक और/ या असाधारण मदें) | 634876 | 582826 | 1808545 | 1307447 | 1972664 | 652623 | 617934 | 1876649 | 1346865 | 2056454 |
| 3 | अवधि के लिए कर पूर्व निवल लाभ/ (हानि) (अपवादात्मक और/ या असाधारण मदों के बाद) | 634876 | 582826 | 1808545 | 1307447 | 1972664 | 652623 | 617934 | 1876649 | 1346865 | 2056454 |
| 4 | अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/ या असाधारण मदों के बाद) (नोट 2 का संदर्भ लें) | 457933 | 385274 | 1290229 | 933429 | 1410962 | 478852 | 430566 | 1363493 | 965003 | 1490520 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल हैं] | नोट 3 का संदर्भ लें | | | | | | | | | |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 | 103553 |
| 7 | आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) | | | | | 9132662 | | | | | 9813076 |
| 8 | प्रतिभूति प्रीमियम खाता | 3131215 | 3131215 | 3131215 | 3131215 | 3131215 | 3143095 | 3143095 | 3143095 | 3143095 | 3143095 |
| 9 | निवल मालियत | 9198805 | 7312334 | 9198805 | 7312334 | 7695107 | 9781647 | 7811338 | 9781647 | 7811338 | 8218643 |
| 10 | प्रदत्त कर्ज पूंजी/बकाया कर्ज** | 2215000 | 2311150 | 2215000 | 2311150 | 2311150 | 2251044 | 2349694 | 2251044 | 2349694 | 2347194 |
| 11 | बकाया प्रतिदेय अधिमानी शेयर | लागू नहीं | | | | | | | | | |
| 12 | कर्ज इक्विटी अनुपात * | 0.38 | 0.45 | 0.38 | 0.45 | 0.43 | 0.42 | 0.50 | 0.42 | 0.50 | 0.47 |
| 13 | प्रति शेयर अर्जन (प्रति ₹ 2/- का) (चालू और बंद परिचालनों के लिए) - (वार्षिकीकृत नहीं है) मूल (₹ में) डाइल्यूटेड (₹ में) | 8.86 | 7.45 | 24.95 | 18.05 | 27.28 | 9.26 | 8.33 | 26.37 | 18.66 | 28.82 |
| 14 | पूंजीगत मोचन आरक्षित निधि | लागू नहीं | | | | | | | | | |
| 15 | डिबेंचर मोचन आरक्षित निधि | लागू नहीं | | | | | | | | | |

* कर्ज एक वर्ष से अधिक की अवशिष्ट परिपक्वता वाली उधार राशि को दर्शाता है. ** प्रदत्त कर्ज पूंजी/ बकाया कर्ज बैंक द्वारा जारी किए गए टियर-I एवं टियर-II बॉन्ड को दर्शाता है।

**नोट:**

1) उपर्युक्त आंकड़े सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 और 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के पास प्रस्तुत किए गए समाप्त तिमाही/नौ माह के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश हैं. समाप्त तिमाही/नौ माह के वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com, www.nseindia.com और बैंक की वेबसाइट www.bankofbaroda.in पर उपलब्ध है।
2) संबंधित अवधि के लिए कर पश्चात निवल लाभ /(हानि) में सहयोगियों से अर्जित आय का हिस्सा शामिल है एवं इसमें माइनॉरिटी ब्याज शामिल नहीं है।
3) कुल व्यापक आय एवं अन्य व्यापक आय से संबंधित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है, क्योंकि आईएनडी-एएस अभी तक बैंक पर लागू नहीं हुआ है।

स्थान : मुंबई
दिनांक : 31.01.2024

लाल सिंह, कार्यपालक निदेशक
ललित त्यागी, कार्यपालक निदेशक
अजय के. खुराना, कार्यपालक निदेशक
देबदत्त चांद, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

**पंजीकृत कार्यालय:** बड़ौदा हाउस, पोस्ट बॉक्स नं. 506, मांडवी, बड़ौदा - 390 006 | **कॉर्पोरेट कार्यालय:** सी-26, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400 051


www.readwhere.com